द्वारा 'ई' मेल/अति आवश्यक/समयबद्ध

पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8वॉ तल, टावर–4, पुलिस मुख्यालय, अमर शहीद पथ, गोमतीनगर विस्तार, लखनऊ–226002 : e-mail: tshq@up.nic.in

पत्र संख्याः टीएससी–25/2021 दिनांकः जून 19, 2024

सेवा में,

1– समस्त पुलिस अयुक्त, उत्तर प्रदेश।

2– समस्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक/जनपद प्रभारी, उत्तर प्रदेश।

3– कार्यालया अध्यक्ष अभिसूचना मुख्यालय/डी0जी0पी0मुख्यालय/पी0टी0सी0सीतापुर/पी0टी0एस0मेरठ/पी0टी0एस0सुल्तानपुर/बरेली जोन।

विषय : उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर कर्मचारी वर्ग (अराजपत्रित) सेवा नियमावली–2011 (यथा संशोधित) के अनुसार कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–बी के पद पर चयन हेतु सेवा अभिलेखों के मूल्यांकन हेतु भर्ती/चयन वर्ष 2021, 2022 व 2023 की रिक्तियों के सापेक्ष अद्यावधिक चरित्र पंजिका, 48 बिन्दु के निर्धारित नवीन बोर्ड प्रपत्र में त्रुटिरहित सूचना एवं स्वघोषणा पत्र तैयार कर कमेटी के हस्ताक्षर व कार्यवृत्त सहित उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक कृपया इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांक 10–06–2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें जिसके द्वारा कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–ए से ग्रेड–बी के पद पर श्रेष्ठता के आधार पर प्रोन्नति हेतु त्रुटिरहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कर विभिन्न नियत तिथियों में मिलान हेतु उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय में सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिक के माध्यम से प्रेषित करने की अपेक्षा की गयी थी।

उक्त संबंध में कृपया अवगत कराना है कतिपय कमिश्नरेट/जनपदों/इकाईयों के चरित्र पंजिका लिपिकों द्वारा नियत तिथियों में मिलान हेतु तकनीकी सेवाएँ में उपस्थित न होने तथा कतिपय कमिश्नरेट/जनपदों/इकाईयों से चरित्र पंजिका लिपिकों द्वारा त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र तैयार कर अपूर्ण चरित्र पंजिकाओं के साथ मिलान हेतु लाये जाने के कारण इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांक 15–06–2024 द्वारा बोर्ड प्रपत्र को तैयार किये जाने हेतु पूर्ण विवरण एवं उदाहरण स्वरूप तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय द्वारा तैयार किए गए बोर्ड प्रपत्र की प्रति संलग्न करते हुए उसके अनुसार ही बोर्ड प्रपत्र तैयार किये जाने की अपेक्षा के पश्चात भी जनपदों/कमिश्नरेटों के सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिकों द्वारा त्रुटिपूर्ण बोर्ड प्रपत्र तैयार कर मिलान हेतु लाया जा रहा है, जबकि उक्त बोर्ड प्रपत्र तैयार किए जाने में उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उपलब्ध कराये गये दिशा–निर्देश व बोर्ड प्रपत्र के

प्रारूपों को इस मुख्यालय के सम संख्यक पत्र दिनांकित 11–01–2024 द्वारा संलग्न कर पूर्व में प्रेषित करते हुए बोर्ड प्रपत्र तैयार रखने निर्देशित किया गया था तथा इस सम्बन्ध में समय–समय पर अनुस्मारक पत्र भी निर्गत किए जाने के उपरान्त भी आपके कार्यालय द्वारा समय से बोर्ड प्रपत्र तैयार नहीं किया गया तथा न ही चरित्र पंजिकाओं को अद्यावधिक कराया गया। ऐसा प्रतीत होता है कि आपके कार्यालय के सम्बन्धित चरित्र पंजिका लिपिकों विभिन्न पत्रों द्वारा दिये गये निर्देशों का भलीभॉति अध्ययन नहीं किया जाता है। यदि भलीभॉति अध्ययन करने के पश्चात बोर्ड प्रपत्र तैयार किये गये होते तो त्रुटियों की सम्भावना नहीं होती।

उल्लेखनीय है कि विभिन्न पदों पर पदोन्नति समय से किये जाने सम्बन्धी प्रकरण शासन की प्राथमिकता है, जिसके अनुरूप कम्प्यूटर आपरेटर ग्रेड–'ए' से ग्रेड 'बी' के पद पर पात्र कर्मियों का श्रेष्ठता के आधार पर पदोन्नति किये जाने हेतु बोर्ड प्रपत्र जुलाई माह के प्रथम सप्ताह में उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को भेजा जाना प्रस्तावित है। अभी तक मात्र कतिपय प्रशिक्षण संस्थानों/ए0टी0एस0मुख्यालय/विशेष जॉच द्वारा ही सही बोर्ड प्रपत्र तैयार कराकर मिलान हेतु इस मुख्यालय मे जमा किया गया है। इसके अतिरिक्त अन्य किसी भी जनपदों/कमिश्नरेट से बोर्ड प्रपत्र मिलान कराकर जमा नहीं किया गया है।

अतः निदेशानुसार अनुरोध है कि पूर्व में प्रेषित निर्देशों तथा दिनांक 15–06–2024 द्वारा दिये गये निर्देशों तथा संलग्न बोर्ड प्रपत्र के अनुरूप त्रुटि रहित बोर्ड प्रपत्र तैयार कराकर अद्यावधिक चरित्र पंजिकाओं के साथ इस मुख्यालय से नियत तिथियों को मिलान कराने हेतु सम्बन्धित चरित्रपंजिका लिपिकों को निर्देशित करने की कृपा करें ताकि बोर्ड प्रपत्र का सम्बन्धित अभिलेखों से मिलान के पश्चात पदोन्नति की कार्यवाही को पूर्ण करने हेतु उसे उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड को समय से उपलब्ध कराया जा सके।

19/06/24

(रईस अख्तर)
पुलिस अधीक्षक/सहायक निदेशक,
उ0प्र0पुलिस कम्प्यूटर केन्द्र, लखनऊ।
नि0– अपर पुलिस महानिदेशक,
उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, लखनऊ।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित है:

1–सदस्य/अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड, लखनऊ।
2– अपर पुलिस महानिदेशक, स्थापना।
3– अपर पुलिस महानिदेशक, उ0प्र0पुलिस तकनीकी सेवाएँ मुख्यालय, लखनऊ।
4– वेसाइड पर अपलोड करने हेतु।